तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 28 दिसंबर 2025

14 कलेक्टर ने किरंदुल के उद्यानिकी नर्सरी का...

14 आधा करोड़ से अधिक का मारिजुआना जब्त, ...




# करेकोट में स्टॉपडेम के निर्माण से सिंचाई सुविधा में बढ़ेगी, किसानों को मिलेगी राहत

## 399.49 लाख की परियोजना के लिए विधायक विनायक गोयल ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अलग खबर

चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज लोहण्डीगुड़ा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत करेकोट में जल संसाधन विभाग द्वारा प्रस्तावित लंकानाला स्टॉप डेम सह सोलर पंप निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस बहुप्रतीक्षित परियोजना की कुल लागत 399.49 लाख रुपये है। भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक विनायक गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों ने माना आभार

ग्रामीणों ने इस परियोजना के लिए विधायक और राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों से इस क्षेत्र में सिंचाई की समस्या बनी हुई थी जिसे अब स्थायी समाधान मिलने जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि निर्धारित समय में निर्माण कार्य पूर्ण होने से क्षेत्र के किसानों का भविष्य सुरक्षित होगा। अंत में विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और इसे तय समयसीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि किसानों को शीघ्र इसका लाभ मिल सके।



### ये रहे उपस्थित

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रभान कश्यप, जनपद अध्यक्ष पदमा कश्यप, उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, जिला मंत्री रैतुराम बघेल, मण्डल प्रभारी नारायण ठाकुर, मंगतुराम कश्यप, नरसिंह ठाकुर, सावेन्द्र सेठिया, सीताराम, भरत कश्यप, विनय मौर्य, डोमु, चन्द्रशेखर ठाकुर, तरूण पानीग्राही सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लंकानाला स्टॉप डेम के निर्माण से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए स्थायी जल स्रोत उपलब्ध होगा। अब किसानों को बारिश पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और खेती में आने वाली समस्याओं से उन्हें काफी हद तक राहत मिलेगी। सोलर पंप की व्यवस्था होने से बिजली की समस्या भी समाप्त होगी और पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा का उपयोग बढ़ेगा।

यह परियोजना केवल सिंचाई सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे क्षेत्र की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। पर्याप्त पानी उपलब्ध होने से किसान एक से अधिक फसलें ले सकेंगे, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और जीवन स्तर बेहतर ⏭ शेष पेज 12 पर

## सौगात : 14 करोड़ 50 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

# स्टॉपडेम सह सोलर पंप निर्माण से भारत बनेगा आत्मनिर्भर व ग्रामीण बनेंगे समृद्ध : किरणदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विधानसभा क्षेत्र जगदलपुर के दरभा ब्लाक के ग्राम मंगनार, कोयनार, कांदानार तथा जगदलपुर ब्लाक के ग्राम नागलसर एवं कुम्हली में स्टॉप डेम सह सोलर पंप एवं तालाब उन्नयन निमार्ण कार्य की सौगात विधायक ने दी। जल संसाधन विभाग से कुल लागत 14 करोड़ 50 लाख रूपए के विकास कार्यों का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने भूमिपूजन किया। इस दौरान संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार बनने के बाद लगातार क्षेत्र में विकास कार्य हो रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश के सभी क्षेत्रों में विकास की गंगा बह रही है। स्टॉप डेम के निर्माण से क्षेत्र की जनता को काफी लाभ होगा। हमारी सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पानी, बिजली व अन्य व्यवस्थाओं को जनता तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का विकास हो।

■ तालाब उन्नयन, स्टापडेम सह सोलर पंप कार्य की सौगात



ग्राम मंगनार में तालाब उन्नयन निमार्ण कार्य लागत 2 करोड़ 97 लाख, कोयनार में 2 करोड़ 90 लाख रुपए, कांदानार में 2 करोड़ 96 लाख रुपए एवं ग्राम कुम्हली में 2 करोड़ 90 लाख रुपए एवं ग्राम नागलसर में 2 करोड़ 75 लाख से कुल लागत 14 करोड़ 50 रुपए से क्षेत्र में निमार्ण कार्य किया जायेगा। देव ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और गांव की समृद्धि के संकल्प को धरातल पर लाने में परियोजना एक सार्थक व महत्वपूर्ण कदम है। क्षेत्र में खेती व पेयजल आपूर्ति में स्टॉप डेम का निर्माण होने से हमारे किसानों व जनमानस को काफी लाभ होगा। क्षेत्र की जनता की वर्षो पुरानी बहुप्रतीक्षित मांग रही है । जिसकी हमारी सरकार बनने से यह महत्वपूर्ण मांग पूरी हो रही है। देव ने कहा स्टॉप डेम सह सोलर पंप निमार्ण से क्षेत्र में उन्नत कृषि एवं तकनीकी में क्षेत्र का विकास होगा। साथ ही हमारी ग्रामीण व्यवस्था सुदृढ़ व मजबूत होगी। वहीं मंगनार में तालाब का उन्नयन कार्य किया जायेगा। जिससे तालाब का संरक्षण व संवर्धन किया जायेगा। उन्होंने संबंधित विभाग को तय समय सीमा व गुणवत्ता के साथ कार्य करने का निर्देश दिए। वहीं क्षेत्रवासियों ने विधायक के समक्ष मांग रखा जिसपर विधायक ने जल्द सभी कार्य को पूरा करने की बात कही।

### ये रहे उपस्थित

*इस दौरान विद्याशरण तिवारी, रजनीश पानीग्राही, मनोहर तिवारी, नरसिंह राव, मंडल अध्यक्ष देवीप्रसाद बेंजाम, महेन्द्र सेठिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकदई कश्यप, पदलाम नाग, उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप, जिला पंचायत सदस्य संपत्ति महादेव नाग, जनपद सदस्य जयमनी मोर्य, संरपंच रूकमणी मोर्य ,बुधनी बधेल, सोनाधर कश्यप, राजेश शर्मा, लखींधर बधेल, संतोष बधेल, फूलसिंह सेठिया, नारायण बुरानी, लैखन बधेल, अजय, रधु सेठिया काफी संख्या में जनमानस उपस्थित थे।*

# मार्कफेड प्रबंध संचालक ने धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राज्य में धान खरीदी की प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारू बनाने के उद्देश्य से मार्कफेड के प्रबंध संचालक जितेंद्र शुक्ल ने शुक्रवार को जिले के विभिन्न धान उपार्जन और संग्रहण केंद्रों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धान के उठाव और नवीन केंद्रों के निर्माण को लेकर अधिकारियों को निर्देश जारी किए।

■ धान उठाव में तेजी लाने के दिए निर्देश

शुक्ल ने अपने दौरे की शुरूआत लोहंडीगुड़ा धान उपार्जन केंद्र और नियानार धान संग्रहण केंद्र के निरीक्षण से की। उन्होंने केंद्र प्रभारियों और अधिकारियों को निर्देश दिए कि धान की खरीदी शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार ही की जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि खरीदी के साथ-साथ उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव भी निरंतर जारी रहना चाहिए, ताकि केंद्रों पर जाम की स्थिति न बने और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कोपागुड़ा स्थित नवीन धान संग्रहण केंद्र भी पहुंचे। वहां चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लेते हुए उन्होंने निर्माण एजेंसी और अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस केंद्र को शीघ्र पूर्ण किया जाए ताकि इसका लाभ तत्काल प्रभाव से किसानों और विभाग को मिल सके।

इस महत्वपूर्ण निरीक्षण दौरे में मार्कफेड एमडी के साथ कलेक्टर हरिस एस उपस्थित थे। उनके अलावा प्रशासनिक अमले में खाद्य नियंत्रक घनश्याम राठौर, सहकारी समितियों की उप पंजीयक उषा ध्रुव, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ए रजा और जिला विपणन अधिकारी सतीश नन्नावरे मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### कमिश्नर ने मतदाता सूची का किया औचक निरीक्षण



**जगदलपुर।** कमिश्नर एवं रोल ऑब्जर्वर डोमन सिंह ने शनिवार को जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की जमीनी हकीकत जानने के लिए एक विस्तृत भ्रमण किया। इस निरीक्षण भ्रमण में उनके साथ प्रशासनिक अमला भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। कमिश्नर ने मतदान केंद्रों पर सम्बंधित बूथ लेवल आफिसर और अविहीत अधिकारियों से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी ली। निर्वाचक नामावली के आरंभिक प्रकाशन के बाद अब दावा-आपत्ति प्राप्त करने, कैटेगरी-सी के मतदाताओं को नोटिस जारी कर सुनवाई का अवसर प्रदान करने, निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेज प्राप्त करने के सम्बंध में पूछा। कमिश्नर ने अपने इस सघन दौरे की शुरूआत ग्रामीण क्षेत्र आसना से की। यहां उन्होंने प्राथमिक शाला और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आसना में स्थित मतदान केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां तैनात बूथ लेवल ऑफिसर दालेश्वर ठाकुर, मीनाक्षी, निषाद गुप्ता और चंद्रशेखर जैन से उन्होंने पुनरीक्षण कार्य की प्रगति, नए मतदाताओं के जुड़ने और विलोपित नामों के आंकड़ों पर सीधी बात की। कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि हर पात्र मतदाता का नाम निर्वाचक नामावली में शामिल होना सुनिश्चित किया जाए। इसके पश्चात जगदलपुर शहर के डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड स्थित प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शालाओं में बनाए गए मतदान केंद्र का निरीक्षण किया गया।

### माहेश्वरी समाज की रामकथा आज निकलेगी कलश यात्रा




**जगदलपुर।** शहर में 28 दिसंबर से शुरू होने वाली रामकथा के लिए महेश्वरी समाज के लोगों ने कथा वाचक के रूप में संत सुश्री अलका को बुलवाया है। वे रामकथा के माध्यम से लोगों को जीवन जीने के तरीके बताएंगी। रविवार को शहर के कलश यात्रा एवं कथा शुरू किया जाएगा, एक जनवरी तक राम कथा का आयोजन किया जाएगा। माहेश्वरी समाज के संरक्षक श्याम सोमानी, गोविंद इनानी, चंद्रेश चांडक, शिवनारायण, राकेश ने शनिवार को पत्रकार भवन में आयोजित पत्रवार्ता में उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि शहर के पगारिया परिसर में अपरान्ह 4 बजे से शाम 7 बजे तक श्री राम कथा 28 दिसंबर की शुरूआत होगी। इसके बाद 29 दिसंबर श्री राम जन्मोत्सव और श्रीराम जानकारी विवाह उत्सव की कथा होगी। 30 दिसंबर को भरत मिलाप और 31 को सुंदरकांड एवं श्री रामेश्वर पूजन के साथ ही एक जनवरी को श्री राम राज्याभिषेक की कथा के साथ ही भंडारा किया जाएगा।

### कॉलेज व विवि सेमेस्टर की परीक्षाएं कल से

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी कॉलेजों एवं मुख्य कैंपस के यूटीडी में जुलाई-दिसंबर 2025 सत्र की सेमेस्टर परीक्षा 29 दिसंबर से प्रारंभ हो रही है। सभी पाठ्यक्रमों के विभिन्न सेमेस्टर के रेगुलर, प्रायवेट, भूतपूर्व, प्रमोटेड इत्यादि मोड के परीक्षार्थी अपना एडमिट कार्ड विवि के वेबसाइट से डाऊनलोड कर सकते हैं। संशोधित समय सारिणी भी वेबसाइट पर देखा जा सकता है। परीक्षा संबंधी किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर समाधान के लिए हेल्पलाइन ⏭ शेष पेज 12 पर

# नंदीगुड़ा में रेत की अवैध ढुलाई पर प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बकावंड

बकावंड विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत जैबेल के आश्रित ग्राम नंदीगुड़ा में इन दिनों अवैध रेत उत्खनन और ढुलाई खुलेआम जारी है। ग्रामीणों के अनुसार प्रतिदिन नदी एवं आसपास के क्षेत्रों से भारी वाहनों और ट्रैक्टरों के माध्यम से नियमों को दरकिनार कर रेत का उत्खनन किया जा रहा है। इससे पर्यावरण भी प्रभावित हो रहा है। बावजूद संबंधित विभागों द्वारा कोई ठोस और प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने से प्रशासन की भूमिका पर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं।



ग्रामीणों का कहना है कि अवैध रेत ढुलाई के कारण गांव की सड़कों की स्थिति खराब होती जा रही है। भारी वाहनों की आवाजाही से सड़कें पूरी तरह जर्जर हो चुकी हैं, जिससे ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना ⏭ शेष पेज 12 पर

# आईटीआर बीजापुर में तीन और गिद्धों को जीपीएस लगाकर छोड़ा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर क्षेत्र और उससे लगे गांवों में 300 गिद्ध से अधिक पाए जा रहे हैं, यह सभी गिद्ध संकटग्रस्त प्रजाति के हैं। अब इनके संरक्षण की दिशा में एक खास पहल की गई है। लगभग 8 माह पूर्व आईटीआर क्षेत्र से दो गिद्धों की जीपीएस ट्रैकर लगाकर छोड़ा गया है, जीपीएस लगे हुए गिद्ध 8 माह में लगभग 100 किमी दूर तेलंगाना एवं महाराष्ट्र में ही घूम रहे हैं। इसके चलते रिजर्व ने तीन और गिद्धों को भी जीपीएस लगाकर छोड़ने की तैयारी की जा रही है, इससे ये गिद्ध



तेलंगाना, महाराष्ट्र के अलावा दूसरे राज्यों में जा सकें। रिजर्व एवं बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी के एक्सपर्ट ने तीनों गिद्धों छोड़ने के पहले मेडिकल जांच और मॉफोमेंट्री की जाएगी। गिद्धों पर जीपीएस लगने से उनकी दिनचर्या, हर हरकत, सुरक्षा और लोकेशन ⏭ शेष पेज 12 पर

## दलपत सागर में जुटे महापौर, कलेक्टर और जनप्रतिनिधि

# शहरवासियों ने श्रमदान कर दिया साफ-सफाई व स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर दलपत सागर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से शनिवार सुबह स्वच्छता अभियान के अंतर्गत व्यापक श्रमदान किया गया। इस दौरान आगामी 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित होने वाले दीपोत्सव कार्यक्रम की रूपरेखा भी तैयार की गई। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन एवं नगर निगम जगदलपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया जाता है। इस वर्ष भी दीपोत्सव का भव्य आयोजन 14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन दलपत सागर में किया जाएगा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी



शहरवासियों के सहयोग से यह आयोजन बड़े स्तर पर संपन्न होगा। दीपोत्सव कार्यक्रम को स्वच्छ और भव्य स्वरूप देने के उद्देश्य से शनिवार को दलपत सागर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में शहर के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और श्रमदान कर दलपत सागर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का संकल्प लिया। स्वच्छता अभियान की शुरूआत दलपत सागर के रानीघाट से की गई। नगर निगम के अमले के साथ इस अभियान में विभिन्न समाजों एवं संगठनों के लोग भी शामिल हुए। महापौर संजय पांडे, कलेक्टर हरिस एस, पार्षदगण, ⏭ शेष पेज 12 पर

### शहर का गौरव है दलपत सागर

इस अवसर पर महापौर ने कहा कि दलपत सागर केवल एक जलस्रोत नहीं, बल्कि जगदलपुर की पहचान और गौरव है। इसे स्वच्छ और संरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। नगर निगम लगातार सफाई अभियान चला रहा है, लेकिन जनभागीदारी के बिना यह अभियान सफल नहीं हो सकता। दीपोत्सव जैसे सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपरा और एकता के प्रतीक हैं।

### ये रहे उपस्थित

इस स्वच्छता अभियान में नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्यगण, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, दलपत सागर बचाओ अभियान के सदस्य, पतंजलि परिवार के सदस्य, व्यापारीगण, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, डीआरजी के जवान, पत्रकार, नगर निगम के कर्मचारी सहित शहर के बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

माँ शीतला टावर

• जगदलपुर शहर के मध्य स्थित नवनिर्मित बहुमंजिला भवन में लगभग 2200 वर्गफुट के 4 हॉल किराये पर देने हेतु उपलब्ध है।



विशेषताएं :-
• लिफ्ट
• 24x7 पॉवर बैकअप
• भवन के सामने चौड़ी सड़क (गौरव पथ)



इनके लिए उपयुक्त :-
• बैंक • जिम
• ऑफिस • हेल्थ क्लिनिक
• कोचिंग सेंटर • स्पा
• होलसेल एजेंसी • दुकान
• रेस्टोरेंट • लघु उद्योग ईकाई
• सुपर मार्केट • अन्य प्रयोजन

पता
पंच पथ और डॉ. चिखलीकर डायग्नोस्टिक केन्द्र के बीच में सुभाष वार्ड, जगदलपुर जिला-बस्तर (छ.ग.)

पंच चौक (पांच चौक)
माँ शीतला टावर
डॉ. चिखलीकर डायग्नोस्टिक सेंटर

9425262939 / 9131171695 / 9424222550

## खबर संक्षेप



### बुजुर्ग महिला को दुबे ट्रेवल्स की बस ने मारी टक्कर

**फरसगांव।** नेशनल हाईवे 30 फरसगांव नगर के अस्पताल चौक में शनिवार की दोपहर करीब 1 बजे जगदलपुर से रायपुर की ओर जा रही दुबे ट्रेवल्स की बस क्रमांक सीजी 04 एमएल 9682 ने रोड पार कर रही बुजुर्ग महिला को टक्कर मार दी। बस की टक्कर से महिला घायल हो गई, जिसे मौके पर उपस्तिथ लोगों ने उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल पहुंचाया। घायल महिला की पहचान ग्राम कांदबेड़ा निवासी सनवारिन के रूप में हुई है। घटना के बाद बस चालक बस को फरसगांव थाने में ले जाकर खड़ी कर दिया है। घायल बुजुर्ग महिला के सर में गम्भीर चोट आने से उसे बेहतर उपचार के लिये जिला अस्पताल रिफर किया गया।

### 82 श्रमिकों का हुआ पंजीयन व नवीनीकरण



**कोण्डागांव।** जिले में निर्माण श्रमिकों एवं असंगठित कर्मकारों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से विकासखंड कोंडागांव के ग्राम पंचायत हंगवा में मोबाइल श्रम पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन कार्यालय श्रम पदाधिकारी, जिला कोण्डागांव द्वारा किया गया, जिसमें कुल 82 श्रमिकों का पंजीयन एवं नवीनीकरण किया गया। शिविर के दौरान श्रमिकों को श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना सहित अन्य योजनाओं के लाभ, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों ने श्रमिकों से अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन एवं नवीनीकरण कराकर शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

# कोकोड़ाजुगानार में हुई पंचायत स्तरीय प्रो-कबड्डी व वॉलीबॉल प्रतियोगिता

## कबड्डी में पुरुष वर्ग में झाटीबन और महिला वर्ग में सोड़मा की टीम रही विजयी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोकोड़ाजुगानार में युवा संगठन द्वारा पंचायत स्तरीय प्रो-कबड्डी व बॉलीवाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसका समापन शुक्रवार की रात किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में फाइनल मैच झाटीबन और अरंडी के मध्य हुआ जिसमें झाटी बन की टीम विजयी हुई। झाटीबन टीम को प्रथम पुरुस्कार 12000 रुपए और उपविजेता टीम अरंडी को 6000 रुपए दिया गया। वही महिला वर्ग में फाइनल मैच सोड़मा और मुल्ले के मध्य हुआ जिसमें सोड़मा की टीम विजयी हुई। विजेता टीम सोड़मा को प्रथम पुरस्कार 4000 हजार और उपविजेता टीम मुल्ले को 2000 हजार दिया गया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में फाइनल मैच सिरसीकलार और छिंदलीबेड़ा के मध्य खेला गया। जिसमें सिरसीकलार की टीम विजयी हुई । विजेता टीम सिरसीकलार को 5000 और उपविजेता टीम छिंदलीबेड़ा को 3000 दिया गया।



### भारत की संस्कृति का एक हिस्सा है कबड्डीः नाग

इस प्रतियोगिता के समापन के दौरान जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग ने संबोधित करते हुए कहा की आज कबड्डी सिर्फ एक खेल नहीं है, बल्कि यह भारत की संस्कृति का एक हिस्सा है। जो हमें शारीरिक फिटनेस, मानसिक चुस्ती और सबसे बढ़कर टीम वर्क का पाठ सिखाता है। खेल युवा जीवन को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से बेहतर बनाता है, जिससे आत्मविश्वास, अनुशासन, टीमवर्क, नेतृत्व और जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने की क्षमता विकसित होती है। खेल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार करते हैं और मानसिक स्वास्थ्य के लिए तनाव कम करते हैं। वहीं टीम वर्क और मैत्रीपूर्ण प्रतिस्पर्धा से सामाजिक कौशल बढ़ते हैं। प्रो कबड्डी ने कबड्डी को छोटे गांवों और गलियों से निकालकर लोगों के घरों तक पहुंचाया है। यह खेल अब भारत का एक बड़ा स्पोर्ट्स ब्रांड बन गया है और यह युवाओं को प्रेरित कर रहा है।

### ये रहे उपस्थित

प्रतियोगिता के समापन के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष हीरा सिंह नेताम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम, जिला पंचायत सदस्य कपिलकांत नाग, ग्राम कोकोड़ाजुगानार सरपंच बसंती नाग, उपसरपंच राज बाई नाग, सोमनाथ पोटाई, बुधसन मरापी, लच्छीराम नाग सहित गांव युवा संगठन के लोग और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा समाज केशकाल विकासखंड का भव्य आयोजन

# हर्षोल्लास के साथ मना शक्ति दिवस विधायक नीलकंठ टेकाम रहे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनोरा

■ शिक्षा, संगठन और विकास का दिया गया संदेश

केशकाल ब्लाक के ग्राम बदवर में अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा समाज केशकाल विकास खण्ड द्वारा शुक्रवार को शक्ति दिवस हर्षोल्लास के सांथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के अतिथी के तौर पर केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम शामिल हुए और कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय हल्बा समाज के अध्यक्ष एन एल नाग ने किया। कार्यक्रम में समाज प्रमुखों के सांथ जिलापंचायत जनपद पंचायत ग्राम पंचायत के पदाधिकारी एवं अन्य समाज प्रमुखों ने भी अपनी सहभागिता प्रदान कर कार्यक्रम की गरीमा को बढ़ाते आयोजन को भव्य और आकर्षक बनाते प्रेरणादायक बना दिया। मुख्य अतिथि के आसंदी से उपस्थित समाज को संबोधित करते हुए विधायक नीलकंठ टेकाम ने समाज लोगों को शिक्षित बनने और संगठित रहने की अपील करते हुए बताया की मैं विधायक बनने के बाद से लगातार क्षेत्र के प्रमुख समस्याओं का निराकरण कराते जनता की अपेक्षा अनुसार कार्य करवाने में लगा हुआ हूं । मेरे मात्र दो वर्ष के कार्यकाल में विधानसभा क्षेत्र में जो काम हुआ है उतना काम पिछले दस वर्ष में नहीं हो पाया था । अभी लगातार और बहुत काम करवाना है जिसके लिए आप सभी का सहयोग जरूरी है । विधायक ने समाज प्रमुखों द्वारा रखे गये दो मांग को पूरा करने की घोषंणा किया ।





### इन्होंने दी जानकारी

विधायक के पूर्व समाज की तरफ से एन एल नाग ने स्वागत भाषंण देते हुए समाज के गौरवशाली इतिहास एवं शक्ति दिवस के संदर्भ में जानकारी दिया । सभा को अनुसूचित जनजाति के प्रांत संयोजक गोरखनाथ बघेल , केशकाल नगरपंचायत अध्यक्ष बिहारीलाल शोरी ,जिला पंचायत सदस्य कपिलकांत नाग , सखाराम समरथ, शिवचरण नाग, कृष्णदत्त उपाध्याय, रमेश धनेलिया इत्यादि ने भी संबोधित किया ।

### कलश यात्रा के बाद की गई पूजा

कार्यक्रम में समाज के बच्चों के द्वारा बीच बीच बहुत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाता रहा । प्रातः कलश यात्रा निकाला गया और मां दंतेश्वरी की पूजा अराधना करके कार्यक्रम का शुभारंभ समाज प्रमुखों की उपस्थिति में किया गया । कार्यक्रम में हजारों की संख्या में महिला पुरूष सहित समाज के सभी वर्ग के लोग हर्षोल्लास के सांथ सहभागी बने ।

# अटल परिसर का सीएम साय ने किया वर्चुअल लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101वीं जयंती के अवसर पर कोंडागांव नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत बंधा तालाब गार्डन के पास 30 लाख रुपये की लागत से निर्मित अटल परिसर का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के कुल 115 नगरीय निकायों में निर्मित अटल परिसरों का एक साथ वर्चुअल लोकार्पण किया गया, जिसमें उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन विभाग के भारसाधक मंत्री सहित अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कोंडागांव में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके दूरदर्शी नेतृत्व, सादगी एवं देश के विकास में योगदान को याद किया। नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने कहा कि अटल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ, जिससे क्षेत्र की वर्षों पुरानी जनआकांक्षाएं पूर्ण हुईं। कार्यक्रम में मनोज जैन, दीपेश अरोरा, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन जयंत सिन्हा, एसडीएम अजय उरांव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे सहित पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

### सुशासन दिवस पर जनकल्याणकारी शिविरों का आयोजन

सुशासन दिवस के अवसर पर मोबाइल मेडिकल यूनिट से स्वास्थ्य जांच की गई तथा प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना और राशन कार्ड से संबंधित आवेदन शिविर लगाए गए।

# सीपीआई जिला परिषद ने मनाया 100वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सीपीआई जिला परिषद कोंडागांव द्वारा पार्टी का 100वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम चिखलपुटी में सीपीआई एवं संघर्ष के प्रतीक हंसिया–हथौड़ा अंकित लाल झंडा फहराकर की गई। इस दौरान लाल सलाम के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कार्यक्रम में राज्य परिषद सदस्य कामरेड तिलक, जिला सचिव कामरेड शैलेष, सहायक सचिव जयप्रकाश, दिनेश, सोमारु, बिसम्बर, सरादू, दुबेश, रामसिंग, अनुराधा सहित विभिन्न गांवों से आए कम्युनिस्ट साथी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने बताया कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना 26 दिसंबर 1925 को कानपुर में हुई थी। स्थापना के साथ ही पार्टी ने स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आज तक मजदूरों, किसानों, महिलाओं एवं मेहनतकश वर्गों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया है। पार्टी के संघर्षों के कारण ही आज लोकतांत्रिक अधिकारों की मजबूत नींव पड़ी है।

### फरस निकाली गई उत्सव यात्रा

लाल झंडा फहराने के पश्चात चिखलपुटी से जिला मुख्यालय कोंडागांव होते हुए जनपद मुख्यालय फरसगांव तक चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों से उत्सव यात्र निकाली गई। रैली के दौरान कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया जिंदाबाद और लाल सलाम के नारों से वातावरण जोशीला बना रहा।

### मिष्ठान वितरण के साथ हुआ समापन

उत्सव यात्रा के फरसगांव से पुनः चिखलपुटी पहुंचने पर उपस्थितजनों के बीच मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल हुए।

# बदहाल सड़क बनी जनता की मुसीबत, कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

■ बदहाल जर्जर अत्यधिक खस्ताहाल प्रवेश द्वार के सड़क के पुनर्निर्माण की भी हुई मांग



जिला मुख्यालय एवं अबुझमांड का प्रवेश द्वार बखरूपारा चौक से गढबेंगाल चौक तक की सड़क अत्यधिक खस्ताहाल गड्ढों धुल से जिले की जनता राहगीरों को इस मार्ग से चलना मजबूरी हो गयी है, सालो से ख़राब पड़ी सड़क दो विभागों की झगड़े मे फसा है इससे इस मार्ग मे चलने वाले राहगीर या तो एक्सीडेंट के शिकार हो रहे है या धुल गुब्बारो से परेशान हो रहे है। नेशनल हाइवे और पीडबलूडी विभाग के आपसी मत भेद का खामियाजा जनता भोग रही है, प्रशासन ख़राब खस्ताहाल सड़क को जल्द से जल्द बनाने या रिपेरिंग कर चलने योग्य बनाने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश दीवान के नेतृत्व मे कलेक्टर नम्रता जैन को ज्ञापन सौपा गया है कलेक्टर नम्रता जैन ने आश्वासन दिया है की जल्द इस मार्ग को बनाया जायेगा। राजेश दीवान ने बताया की जल्द से जल्द एक सप्ताह मे इस मार्ग को नहीं बनाया गया तो शासन प्रशासन केधरना प्रदर्शन कर आंदोलन किया जायेगा। 4 माह पहले भी इस मार्ग को लेकर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने गढबेंगाल चौक मे चक्काजाम कर आंदोलन किया गया था इस चक्काजाम मे जिले भर के सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित हुए थे एवं नगरवासी अपना दुकान बंद कर चक्काजाम आंदोलन का समर्थन किया था। पूर्व आंदोलन चक्काजाम मे जिले के अपर कलेक्टर पंचभोई बहादुर ने अस्वासत किया था जल्द इस मार्ग का रिपेरिंग कराया जायेगा।

**ये रहे उपस्थितः** ज्ञापन सौपने के दौरान प्रदेश कांग्रेस महासचिव रजनू नेताम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि देवांगन, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रघु मानिकपुरी, जिला कांग्रेस सचिव संजय राय, खेल प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष गुड्डू राव, जिला कांग्रेस सचिव संजय राय नगर पालिका पूर्व उपाध्यक्ष प्रमोद नैलवाल, पार्षद विजय सलाम एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# सुशासन सप्ताह के तहत ग्राम बाड़ागांव में 'प्रशासन गांव की ओर' शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा सुशासन सप्ताह गुड गवर्नेन्स वीक के अंतर्गत 19 से 25 दिसंबर तक राष्ट्रव्यापी 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को बड़ेराजपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बाड़ागांव में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ निराकरण के निर्देश दिए। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणजनों से उनकी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि शेष आवेदनों के शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए।

### ग्रामीणों की रही उत्साहपूर्ण भागीदारी

शिविर में जनपद सदस्य मनाराम नेताम, सरपंच बुधमन मरकाम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर में सहभागिता कर शासन की योजनाओं और प्रशासनिक सेवाओं का लाभ लिया। यह शिविर शासन की उस पहल का उदाहरण है, जिसके माध्यम से प्रशासन को सीधे गांवों तक पहुंचाकर आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

**तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य को तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश**

# कलेक्टर ने किया बंधुआ तालाब और सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर



कलेक्टर नम्रता जैन ने शहर के बीच में स्थित बंधुआ तालाब एवं नया बस स्टैंड स्थित सामुदायिक शौचालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बंधुआ तालाब में चल रहे वॉकवे निर्माण कार्य का जायजा लिया और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष कोर्राम ने कलेक्टर को जानकारी दी कि 52 एकड़ क्षेत्र में फैले बंधुआ तालाब के चारों ओर लगभग 1600 मीटर लंबा वॉकवे निर्माणाधीन है। इस पर कलेक्टर ने निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर जैन ने ठेकेदार से निर्माण की प्रगति की जानकारी लेते हुए आगामी सोमवार से पेवर ब्लॉक का कार्य प्रारंभ करने, दोनों ओर से एक साथ कार्य बढ़ाने तथा मजदूरों की संख्या में वृद्धि कर एक सप्ताह के भीतर स्पष्ट प्रगति दिखाने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सीएमओ को तालाब की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने और सौंदर्यीकरण कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए। इसके पश्चात कलेक्टर नम्रता जैन ने नया बस स्टैंड स्थित सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण कर साफ-सफाई, पानी की उपलब्धता सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने दो नवनिर्मित शौचालय भवनों को शीघ्र हैंडओवर कर संचालन में लाने तथा एक भवन को महिलाओं के लिए आरक्षित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम नारायणपुर अभयजीत मण्डावी, नगर पालिका के अभियंता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सुशासन सप्ताह में योजनाओं के शत-प्रतिशत लाभ पर जोर

**कोण्डागांव।** भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा सुशासन सप्ताह गुड गवर्नेन्स वीक के अंतर्गत 19 से 25 दिसंबर तक राष्ट्रव्यापी प्रशासन गांव की ओर अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला कार्यालय कोंडागांव के सभाकक्ष में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने कहा कि सुशासन सप्ताह के दौरान आयोजित शिविरों में शासकीय योजनाओं का शत–प्रतिशत लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने और प्राप्त आवेदनों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए।कार्यशाला में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा विद्युत विभाग द्वारा गत वषोंर् की विभागीय उपलब्धियों एवं नवाचारों का प्रस्तुतीकरण किया गया। विभागों ने योजनाओं के क्रियान्वयन में किए गए सुधारों और प्रभावी प्रयासों की जानकारी साझा की। अधिकारियों को जानकारी दी गई कि सुशासन सप्ताह के अंतर्गत जिले के पांचों विकासखण्डों में अब तक 17 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणजनों से विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर कई आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनका प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जा रहा है। कार्यशाला में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने सुशासन सप्ताह के उद्देश्यों को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्धता जताई। प्रशासन गांव की ओर अभियान का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार के विभागों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना, सुशासन को बढ़ावा देना और आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है।

## पेज 11 के शेष

### करेकोट में स्टॉप डेम...

होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित में लगातार योजनाएं चला रही है और यह परियोजना उसी सोच का परिणाम है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक सहित पूरे चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र में जल संरक्षण और सिंचाई के क्षेत्र में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। लंकानाला स्टॉप डेम के बन जाने से आसपास के कई गांवों को लाभ मिलेगा और सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी।

### नंदीगुड़ा में रेत...

करना पड़ रहा है। वहीं तेज रफ्तार ट्रैक्टरों और डंपरों की वजह से दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है, जिससे ग्रामीणों में भय देखा जा रहा है।

पर्यावरण पर गहराता संकट : पर्यावरणीय दृष्टि से यह अवैध उत्खनन गंभीर खतरा बनता जा रहा है। नदी किनारों का लगातार कटाव हो रहा है, जिससे प्राकृतिक संतुलन बिगड़ने की स्थिति उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणों को आशंका है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो भविष्य में जलस्तर में गिरावट और जल संकट जैसी गंभीर समस्याएं पूरे क्षेत्र को झेलनी पड़ सकती हैं।

पांचवीं अनुसूची का हवाला देकर रोका गयाः अवैध रेत ढुलाई की सूचना पर नंदीगुड़ा पहुंचे मीडिया कर्मियों को कमलु कश्यप ने बाइक रोककर आगे जाने से रोका गया। कुछ लोगों ने मीडिया कर्मियों को धमकी देते गांव में प्रवेश से मना किया है। पांचवीं अनुसूची क्षेत्र का हवाला देकर मीडिया तक को रोका जा रहा है।

वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाए : दावा किया गया कि प्रतिदिन 200 रुपये की रॉयल्टी देते हैं, लेकिन जब उनसे दस्तावेज दिखाने को कहा गया तो कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाए। वहीं एक ड्राइवर द्वारा वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी दिए जाने की बात भी सामने आ रही है।

माइनिंग विभाग की चुप्पी पर उठे सवालः ग्रामीणों एवं सामाजिक कार्यकतार्ओं का आरोप है कि इस पूरे मामले में माइनिंग विभाग की चुप्पी चिंता का विषय बनी हुई है। न तो नियमित निरीक्षण हो रहा है और न ही किसी प्रकार की सख्त कार्रवाई दिखाई दे रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

फोन रिसीव नहीं किएः इस विषय में बकावड एसडीएम मनीष वर्मा से चर्चा नहीं हो सकी। वही माइनिंग अधिकारी मृदुल गुहा से चर्चा करने पर कोई जवाब नहीं मिला। करपावण्ड थाना प्रभारी बसंत खलखो ने फोन रिसीव नहीं किया।

### आईटीआर बीजापुर...

का पता लग सकेगा। जीपीएस ट्रैकर के माध्यम से बाकी गिद्धों की गतिविधि और लोकेशन का डाटा तैयार किया जाएगा। सैटेलाइट टैग के माध्यम से इनकी हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। साथ ही गिद्धों के भोजन, पानी की स्थिति और वास स्थल की भी जानकारी ली जाएगी। आईटीआर के विशेषज्ञ सूरज नायर ने गिद्धों के संरक्षण के लिए रिजर्व से सटे गांव मेनूर, बामनपुर, मददेड़ क्षेत्र में 6 गिद्ध मित्र बनाए, जो गिद्ध का सर्वेक्षण, रहवास के स्थान, इनके आबादी का अवलोकन, इनके वंशनाश के कारण स्थानीय ग्रामीणों में जागरूकता का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।

गिद्धों से होती पर्यावरणीय संतुलन : इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर के निदेशक संदीप बलगा ने बताया कि गिद्ध पारिस्थितिकी तंत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनका संरक्षण न केवल जैव विविधता की रक्षा हेतु आवश्यक है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने की दृष्टि से भी अनिवार्य है। इसलिए अब शीघ्र ही तीन और गिद्धों को जीपीएस लगाकर छोड़ा जाएगा।

### शहरवासियों ने श्रमदान...

स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर एवं शहर के नागरिकों ने स्वयं श्रमदान कर अभियान में सहभागिता निभाई। लगभग दो घंटे से अधिक समय तक चले इस अभियान में रानीघाट से लेकर आईलैंड के मुख्य द्वार तक दलपत सागर के चारों ओर व्यापक साफ-सफाई की गई।

### कॉलेज व विवि ...

नंबर दिया गया है। विद्यार्थी एडमिटकार्ड और अपडेटेड टाइम टेबल के अनुसार पेपर की निर्धारित तारीख अपने परीक्षा संस्थान में भी पता कर सकते हैं। ज्ञात हो कि 20 से 27 दिसंबर के बीच होने वाली परीक्षा की तारीख परिवर्तित हुई थी। उसके लिए अलग तारीख निर्धारित किया गया था। वहीं 29 दिसंबर से होने वाली परीक्षा पूर्व में जारी समयसारिणी के अनुरूप ही होगी। विवि ने सुरक्षा के साथ 47 परीक्षा केंद्रों में नकल रोकने के लिए उत्तर, मध्य एवं दक्षिण बस्तर के लिए तीन उड़नदस्ता दल का गठन किया है। निजी कॉलेजों के लिए पर्यवेक्षक भी नियुक्त किए गए हैं।

## विश्व उपभोक्ता दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

# विद्यार्थियों को उपभोक्ता अधिकारों व कानूनों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव द्वारा विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव श्रीमती किरण चतुर्वेदी के मार्गदर्शन तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती गायत्री साय के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। शिविर का आयोजन एनएसएस कैम्प बडेकनेरा में किया गया, जिसमें प्रतिधारक अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट एवं अधिकार मित्रें की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उपभोक्ता अधिकारों, कर्तव्यों एवं उपभोक्ता संरक्षण कानूनों की मूलभूत जानकारी प्रदान कर उन्हें जागरूक एवं जिम्मेदार उपभोक्ता बनाना रहा।



### संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रशासन ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में कानूनी समझ विकसित करने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम का समापन उपभोक्ता अधिकारों के प्रति सदैव जागरूक रहने के संकल्प के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, अधिकार मित्र रंजन कुमार बैध, तीरथ वास, मानिकपुरी, एनएसएस के स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### अधिवक्ता ने बताया उपभोक्ता संरक्षण कानून का महत्व

शिविर में अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट ने अपने संबोधन में कहा कि उपभोक्ता अधिकारों की जानकारी प्रत्येक नागरिक, विशेषकर विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक है, जिससे वे भविष्य में किसी भी प्रकार के शोषण से स्वयं की रक्षा कर सकें। उन्होंने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, शिकायत निवारण प्रक्रिया तथा जागरूक उपभोक्ता बनने के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट, बाल श्रम, बाल विवाह, दैनिक जीवन से जुड़े कानूनी विषयों, ऑनलाइन खरीदारी में सावधानियाँ, भ्रामक विज्ञापनों से बचाव तथा विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

## खबर संक्षेप

### इन्टेक वेल ट्रीटमेंट प्लांट का कलेक्टर ने लिया जायजा

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने आज जिले की नेरली एवं धुरली समूह जल प्रदाय परियोजनाओं का स्थल निरीक्षण कर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों से परियोजनाओं की तकनीकी स्थिति, वर्तमान चुनौतियों तथा भावी कार्य योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने धुरली इन्टेक वेल जल प्रदाय योजना को शीघ्र प्रारंभ करने के उद्देश्य से इसके सभी तकनीकी पहलुओं का गहन मूल्यांकन करते हुए व्यावहारिक, टिकाऊ एवं दीर्घकालिक समाधान पर आधारित प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जल आपूर्ति व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जिससे ग्रामीणों को वर्षभर सुरक्षित, स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सके।

### भारतीय किसान संघ की कारली में हुई बैठक



**गीदम।** भारतीय किसान संघ जिला दंतेवाड़ा की संगठनात्मक बैठक गीदम ब्लॉक के ग्राम कारली में सम्पन्न हुई। बैठक में भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष माधो सिंह ने कहा कि किसानों की समस्या को हम एकजुट होकर शासन प्रशासन के समक्ष रखें तो अवश्य कार्य सफल होगा। प्रांत मंत्री संगठन मनीष शर्मा ने कहा कि किसान संघ सभी गांवों में ग्राम समितियां बनाकर किसानों की समस्याओं का निराकरण करने तथा तहसील समितियों को प्रतिमाह बैठक कर सभी किसानों को जोड़ने की बात कही। भारतीय किसान संघ के प्रदेश महामंत्री नवीन शेष ने कहा कि किसानों को किसानी से कैसे लाभ मिले तथा दंतेवाड़ा जैसे जैविक जिले में किसानों का धान का समर्थन मूल्य दोगुना कैसे मिले तथा अन्य जैविक उत्पादों पर भी कैसे मूल्य प्राप्त हो इसको लेकर सभी किसानों को इस पर मंथन कर मांग करनी होगी। बैठक में भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष मधुसूदन ठाकुर, उपाध्यक्ष कमलोचन सेठिया, बारसूर तहसील अध्यक्ष विजाराम जुररी, दंतेवाड़ा तहसील अध्यक्ष भदरु राम नेताम, शैलेश अटामी, सावित्री कश्यप, विजय कश्यप मंगल यादव सहित अन्य गांव से आए किसान मौजूद रहे।

### बस्तर शांति, सद्भाव और सम्मान की धरती हैः संजय

**सुकमा।** सामाजिक कार्यकर्ता संजय सोड़ी ने कहा कि बस्तर मूलतः शांति-प्रिय क्षेत्र है, जहां सभी वर्गों और समाजों का सम्मान किया जाता है। यही बस्तर की असली पहचान



और मूल स्वरूप है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मूलवासी आदिवासी समाज किसी भी समाज का विरोधी नहीं है, बल्कि बस्तर की आत्मा अपनापन और भाईचारा है। सोड़ी ने चिंता जताते हुए कहा कि एक ओर सरकार नक्सल-मुक्त बस्तर की दिशा में आगे बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर राजनीतिक लाभ के लिए सामाजिक भेदभाव, वर्गीकरण और धर्मांतरण जैसे मुद्दों को हवा दी जा रही है, जो बस्तर के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। बस्तर में नकारात्मक और विभाजनकारी विचारों के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि हाल ही में बस्तरिया राज मोर्चा के संयोजक का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ समाजों को निशाना बनाकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई है।
युवाओं को भड़काने वाले ऐसे बयान कांकेर और पड़ोसी राज्य ओडिशा की हालिया घटनाओं के बाद आग में घी डालने जैसा हैं। यदि कोई व्यक्ति अपराध करता है, तो आरोप उसी व्यक्ति पर लगें, पूरे समाज को कटघरे में खड़ा करना गलत है। सोड़ी ने समाज से अपील की कि भ्रामक और भड़काऊ भाषणों का विरोध दर्ज कराया जाए।
उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों में बस्तर के मूल समाजों और पदाधिकारियों के नामों का उल्लेख कर समर्थन की बात करना और अन्य समाजों के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करना सामाजिक विभाजन को बढ़ावा देता है, जो युवाओं के लिए घातक है।

# शिक्षक के सिखाए गए रास्ते पर चलकर छात्र सफलता के नए आयाम गढ़ सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

पीएम श्री नवोदय विद्यालय बारसूर में 2000 में पास आउट हुए विद्यार्थियों के सम्मान में रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। देश के कई शहरों से नवोदयन बारसूर पहुंचे और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समारोह के मुख्य अतिथि लेखराज मीणा सहायक आयुक्त नवोदय विद्यालय समिति भोपाल एवं विशिष्ट अतिथि विवेक शुक्ला प्राचार्य जेएनवी कांकेर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य धर्मेंद्र यादव ने की। विद्यालय की नवोत्कर्ष पत्रिका का विमोचन भी किया गया। लेखराज मीणा ने पुरातन छात्र छात्राओं के उपलब्धियों की खूब प्रशंसा की। साथ ही पत्रिका नवोत्कर्ष में प्रकाशित विद्यार्थियों की रचनाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि दंतेवाड़ा जैसे क्षेत्र में पढ़ाई कर रहे इन प्रतिभावानों की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। इस सफल आयोजन के लिए स्कूल प्रबंधन विशेष रूप से प्राचार्य धर्मेंद्र यादव एवं सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों को साधुवाद देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कमाना की। उन्होंने प्राचार्य धर्मेंद्र यादव को एक डायनेमिक पर्सन की उपाधि दी। विशिष्ट अतिथि विवेक



शुक्ला ने कहा कि छात्र अपने शिक्षक द्वारा बताए एवं सिखाए गए रास्ते पर चलकर सफलता के नए आयाम गढ़ सकते हैं। प्राचार्य धर्मेंद्र यादव ने पुरातन छात्रों के उपलब्धियों को गिनाते हुए वर्तमान छात्रों से कहा कि जैसे इन लोगों ने कड़ी मेहनत और त्याग के बदौलत अपनी अलग अलग पहचान बनाई है वैसे ही आप सभी कड़े परिश्रम और लगन के साथ पढ़ाई कर अपनी पहचान बना सकते हैं। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण के प्राचार्य कुलदीप सिंह और सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट राजकुमार ने अपने विचार साझा करते हुए सभी छात्र छात्राओं को सफलता के मूल मंत्र बताए। कार्यक्रम को सन 2000 बैच के पास आउट पूर्व छात्र सदानंद प्रधान, अभिषेक दुबे एवं अन्य ने भी संबोधित करते हुए तब और अब की तुलना करते हुए कहा कि आज जितनी सुविधाएं और तकनीक पढ़ाई के लिए उपलब्ध उतनी सुविधाएं आज से 30 साल पहले नहीं थी। आप सभी इसका फायदा उठाकर खूब आगे बढ़े और विद्यालय का नाम रौशन करे। रजत समारोह के दौरान नवोदय के छात्र छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम के मेजबान 2001 बैच के 12 वीं पास आउट पूर्व विद्यार्थियों द्वारा अपने सभी सीनियर्स को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर 2001 बैच के पास आउट पूर्व छात्र और कोरबा के जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग,1999 बैच के पास आउट पूर्व छात्र शेषमणि द्विवेदी, सहित भारी संख्या में नवोदयन एवं पूर्व शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नवोदयन मनोज गुप्ता द्वारा किया गया।

### सौंदर्यीकरण के नाम पर लाखों का भ्रष्टाचार

# अपना अस्तित्व खो रहा आवापल्ली तालाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

तालाब के सौंदर्यीकरण और श्रमदान का लाखों रुपये डकार गये नेता और अधिकारी, सरपंच सचिव को मालूम नहीं, अधिकारियों के पास जवाब नहीं, कभी बारह महीनों लबालब पानी भरा रहने वाला तालाब सूखने के कगार पर है।

ज्ञात है कि मुख्यमंत्री रहते हुए भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में तालाबों के संरक्षण और संवर्धन के लिए पहल करते हुए वर्ष 2019-20 में आवापल्ली तालाब के जीर्णोद्धार के लिए लाखों रुपये की सौगात देते हुए 38 लाख की स्वीकृत राशि प्रदान की थी, लेकिन जीर्णोद्धार के नाम पर केवल मेंड बनाकर जनपद पंचायत अधिकारी एवं स्थानीय कांग्रेस के नेताओं ने अपनी जेबें भर ली। जब ग्राम पंचायत सरपंच-सचिव को इस बारे में पूछे जाने पर उन्हें इंकार कर दिया। आरटीआई कार्यकर्ता एवं आदिवासी युवा नेता अर्जुन गोटे नें सूचना का अधिकार के तहत जानकारी मांगी, जिन्हे ग्राम एवं जनपद पंचायत अधिकारियों नें जानकारी देने से साफ इंकार कर दिया। आलम यह है की हमेशा पानी से लबा लब भरा रहने वाला आवापल्ली का तालाब अपने अस्तित्व के आखरी पढ़ाव पर है औऱ अधिकारियो को इससे कोई सरोकार भी नहीं की तालाब का उसके

■ **पूर्व मुख्यमंत्री के स्वीकृत की गई राशि का सरपंच सचिव अधिकारियों के पास नहीं है हिसाब**



अस्तित्व में दुबारा लाया जाये। सवाल यह है की पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा दिया हुए उसे पैसों का बंदरबांट किसने किया। बताया जा रहा है की एक कांग्रेस के नामी नेताओं में शुमार उस व्यक्ति को आवापल्ली तालाब के जीर्णोद्धार का ठेका दिया गया था।

**38 लाख स्वीकृत की गई, लेकिन राशि कहां खर्च हुई कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं**

*आवापल्ली का तालाब गांव की ऐतिहासिक धरोहर और जल स्तर बनाए रखने का एकमात्र साधन है लेकिन वर्षों से इसकी पूरी तरह उपेक्षा की जा रही है। न ग्राम पंचायत द्वारा श्रमदान किया गया और न ही जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई ध्यान दिया। पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा तालाब सौंदर्यीकरण हेतु 38 लाख रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई थी, लेकिन वह राशि कहां खर्च हुई, इसका कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगने पर भी अधिकारियों ने साफ इनकार कर दिया, जो गंभीर भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो तालाब का अस्तित्व पूरी तरह समाप्त हो जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।*

-अर्जुन गोटे,
जिलाध्यक्ष, सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग

# वीर बाल दिवस पर साहिबजादों को नमन, भाजपा का श्रद्धांजलि कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

वीर बाल दिवस के अवसर पर दशम गुरु गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों के अद्वितीय शौर्य, साहस और बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। इस अवसर पर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला मुख्यालय स्थित बस स्टैंड परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सिख समाज के सदस्यों को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

वीर बाल दिवस पर गुरु गोबिंद सिंह के छोटे साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह के बलिदान को विशेष रूप से याद किया गया। सिख समाज से बालक बिसमीत सिंह ने अपने उद्बोधन में साहिबजादों के त्याग और अदम्य साहस की गाथा सुनाई। उन्होंने बताया कि वर्ष 1705 ईस्वी में सरहिंद के नवाब वजीर खान ने साहिबजादों पर इस्लाम धर्म स्वीकार करने का दबाव बनाया, लेकिन मात्र 9 वर्ष की अल्प आयु में भी उन्होंने धर्म परिवर्तन से इंकार कर दिया। साहिबजादों ने जिंदा दीवार में चिनवाया जाना स्वीकार किया, पर अपने धर्म और सिद्धांतों से कोई समझौता नहीं किया। यह इतिहास की सबसे महान और निर्भीक शहादतों में से एक है। सिख समाज के सदस्य डॉ. राजेंद्र सिंह ने कहा कि साहिबजादों के बलिदान के महत्व को सही अर्थों में जन-जन तक पहुंचाने का कार्य भाजपा सरकार के आने के बाद हुआ है। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने धर्म की रक्षा के लिए अपने पूरे परिवार का बलिदान देकर देश को साहस, त्याग और राष्ट्रधर्म का मार्ग दिखाया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने कहा कि सिख धर्म के इतिहास में साहिबजादों का बलिदान अद्वितीय है। गुरु गोबिंद सिंह के चार पुत्रों में से दो बड़े साहिबजादों ने युद्धभूमि में वीरगति पाई, जबकि छोटे साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने बिना युद्ध किए भी अपने अडिग संकल्प और धर्मनिष्ठा से अमर बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाने का ऐतिहासिक निर्णय देश के बच्चों और युवाओं में राष्ट्रभक्ति, साहस और धर्मनिष्ठा की भावना को मजबूत करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा की जिम्मेदारी हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# धान खरीदी केंद्रों का कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधिमंडल द्वारा आज गीदम विकासखंड के प्रमुख धान खरीदी केंद्रों तुमनार, छिंदनार एवं गीदम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य धान खरीदी की जमीनी हकीकत जानना और किसानों को हो रही परेशानियों को सामने लाना रहा।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने किसानों से सीधा संवाद कर

■ **किसानों की समस्याओं पर सख्त रुख, 3 प्रमुख मांगें रखीं**



उनकी समस्याएं सुनीं और आश्वस्त किया कि कांग्रेस पार्टी किसान हितों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है।किसानों की प्रमुख समस्याएं एवं मांगें प्रति एकड़ 21 क्विंटल खरीदी लागू हो, चुनाव पूर्व घोषणा के अनुरूप 21 क्विंटल प्रति एकड़ के बजाय वर्तमान में केवल 12 क्विंटल धान ही लिया जा रहा है। शेष धान की खरीदी के लिए अधिकारियों के सत्यापन पर निर्भरता किसानों के लिए बड़ी परेशानी बन रही है। प्रतिदिन की खरीदी सीमा तत्काल हटाई जाए, दैनिक खरीदी लिमिट के कारण किसानों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। मांग की गई कि लिमिट हटाकर अधिकतम धान खरीदी सुनिश्चित की जाए।

खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी से बढ़ाकर 28 फरवरी की जाए, दंतेवाड़ा जिले में हुई अतिवृष्टि एवं भौगोलिक परिस्थितियों के कारण धान कटाई में देरी हुई है, इसलिए समय बढ़ाया जाना अत्यंत आवश्यक है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने इन सभी मांगों को किसानों के हित में जायज बताते हुए शासन-प्रशासन से तत्काल निर्णय लेने की मांग की। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कमलोचन सेठिया, जिला महामंत्री रविश सुराना, जिला सचिव रजत दहिया, ऋषभ सुराना, अरुण मंसूरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# कैंडल जलाकर वाजपेई को किया स्मरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

भोपालपटनम नगर पंचायत अंतर्गत हायर सेकेंडरी स्कूल के पास नवनिर्मित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा का लोकार्पण उनके जन्म दिवस के पावन अवसर पर श्रद्धा और सम्मान के साथ किया गया। अटल जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी भोपालपटनम मंडल के मंडल अध्यक्ष नरसिंह रेड्डी के नेतृत्व में अटल चौक मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाते हुए साफ-सफाई की।

कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर अटल चौक में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा कैंडल जलाकर श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी को स्मरण कर नमन किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि, कार्यक्रम अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा भारत माता एवं श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई के छायाचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं श्रीफल फोड़कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत-सम्मान किया गया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी के जीवन, व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक महान नेता, प्रखर वक्ता, संवेदनशील कवि एवं सादगीपूर्ण जीवन जीने वाले राष्ट्रपुरुष थे। वक्ताओं ने उनके कार्यकाल में किए गए पोखरण परमाणु परीक्षण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, तथा छत्तीसगढ़ सहित तीन नए राज्यों के गठन को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया और इस महान पुरुष को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जनसंघ के वरिष्ठ नेता चंद्रया, कीर्ति बापू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पेरे पुलैया, जिला पंचायत सदस्य कविता कोरम, पूर्व जिला जिला एनजीओ, प्रकोष्ठ के सह संयोजक श्रीनिवास कोयलकर पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी, नपं अध्यक्ष रिंकी कोरम, जपं अध्यक्ष सरिता कूड़ेम, नगर के गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### श्यामगिरी में हुआ जन समस्या निवारण शिविर



**दंतेवाड़ा।** विगत दिवस जनपद पंचायत कुआकोंडा के ग्राम पंचायत श्यामगिरी, में क्लस्टर स्तरीय सम्मिलित 9 पंचायत का सुशासन सप्ताह शिविर एवं जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर संपन्न हुआ।
उक्त शिविर में 9 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, जनप्रतिनिधि, बिहान की दीदीया, ग्रामीण जन, किसान सम्मिलित हुए। शिविर के तहत कृषि विभाग द्वारा 15 किसानों को मिनी किट मूंग, मसूर, खाद वितरण, श्रम विभाग द्वारा 11 पंजीकृत श्रमिकों को श्रम कार्ड, समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरण एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई एवं अन्नप्राशन, कार्यक्रम किया गया। शिविर में कुल 214 आवेदन प्राप्त हुआ,जिसमें से 82 आवेदनो का शिविर में त्वरित निराकरण किया गया एवं शेष लंबित आवेदनों को संबंधित विभागों में प्रेषित कर समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए गए। इस मौके पर राजस्व विभाग, वन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा विभाग, मत्स्य विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग आदि विभागों द्वारा अपने विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई।

# आत्म समर्पित युवाओं को मिल रही जीवन की नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

पीएचई विभाग द्वारा दी गई जानकारी अनुसार भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्रामों में जल जीवन मिशन योजना के संचालन के लिए नल जल वितरण संचालक चयनित किए जायेगें। इस क्रम में इन चयनित व्यक्तियों युवाओं को लाइवलीहुड कॉलेज दंतेवाड़ा में नल जल वितरण संचालक का कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

कौशल प्रशिक्षण उपरांत कॉलेज द्वारा टूलकिट प्रदान कर पंचायत द्वारा नियुक्ति प्रदान की जाएगी। जिला प्रशासन के माध्यम से इस कौशल प्रशिक्षण में वर्तमान में आत्मसमर्पित नक्सली युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाये जाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि वे जीवन को नए सपनों से संजोकर आगे बढ़े। इस अंतर्गत इन युवाओं को कौशल नल जल वितरण संचालक के रूप में उनकी इच्छा अनुसार अपने-अपने निवास ग्रामों में सेवाएं देने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उल्लेखनीय



है कि प्रशासन द्वारा आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनरुद्धार के उद्देश्य से लाइवलीहुड कॉलेज में आवासीय प्रशिक्षण के साथ-साथ विभिन्न ट्रेडों जैसे नल जल वितरण संचालक, सोलर, इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर एवं अन्य ट्रेड में प्रशिक्षित किया जा रहा है। चुंकि आत्मसमर्पित युवाओं ने हिंसा का रास्ता छोड़ साधारण जीवन जीने हेतु प्रशासन का हाथ थाम कर एक नई दिशा में कदम बढ़ाना शुरू कर दिया है। अतः प्रशासन द्वारा भी इन युवाओं पुनर्स्थापन के लिए रोजगार के नये अवसर तलाशे जा रहे है। उन्हें नल जल वितरण संचालक का कौशल प्रशिक्षण दिया जाना भी इसी का सार्थक प्रयास है।

# भूमि अभिलेख पहल को मिला प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिले में लागू की गई ब्लॉकचेन आधारित भूमि अभिलेख डिजिटलीकरण पहल ने सुशासन और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस अभिनव पहल को राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है, जो जिले के लिए गौरव का विषय है।

इस पहल के अंतर्गत पारंपरिक मैनुअल एवं कागजी प्रक्रियाओं को समाप्त करते हुए ब्लॉकचेन आधारित छेड़छाड़-रोधी डिजिटल प्रणाली लागू की गई। इसके माध्यम से भूमि अभिलेखों की सुरक्षा, पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित हुई है। जहां पहले भूमि संबंधी दस्तावेज प्राप्त करने में कई सप्ताह लग जाते थे, वहीं अब यह



प्रक्रिया कुछ ही मिनटों में पूरी हो रही है। ब्लॉकचेन तकनीक के उपयोग से दस्तावेजी धोखाधड़ी की संभावनाएं पूरी तरह समाप्त हो गई हैं तथा राजस्व सेवाओं के त्वरित और प्रभावी प्रदाय में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। विशेष रूप से आदिवासी एवं दूरस्थ क्षेत्रों में इस पहल ने आम नागरिकों को सरल, पारदर्शी और भरोसेमंद सेवाएं उपलब्ध कराकर राजस्व प्रशासन के लिए एक नया मानक स्थापित किया है। ज्ञात हो कि राज्य शासन की मंशा अनुसार आमजनों की सुविधा के दृष्टि से सभी विभागों को ई-गवर्नेंस प्रणाली के तहत बहुउद्देश्यीय बनाने के लिए विशेष जोर दिया जा रहा है। इस क्रम जिले में भी भू-दस्तावेजों के डिजिटलाइजेशन की प्रक्रिया हेतु विशेष पहल की जा रही है। पूर्व समय में लोगों को अपने भू-अभिलेख की प्रतियां जैसे स्वामित्व अभिलेख, पंजीकरण, कैडस्ट्रल मानचित्र, बी-1, फॉर्म ए, प्लॉट रजिस्टर, फॉर्म सी (अधिकारों का अभिलेख), संशोधन, नामांकन, मानचित्र अभिलेख, मानचित्र स्वामित्व अभिलेख, मानचित्र स्केच, मानचित्र पूर्णता प्रमाणपत्र, मानचित्र पुनः क्रमांक दस्तावेज, मानचित्र स्वामित्व प्रमाणपत्र, मानचित्र अंतिम सत्यापन दस्तावेज आदि प्राप्त करने में बहुत सारा वक्त, संसाधन, और ऊर्जा खपानी पड़ती थी। परन्तु अब कुछ ही क्षणों में भू अभिलेख कार्यालय अथवा किओस्क सेंटरों से लोगों को अपने भू-दस्तावेज की नकल या प्रति प्राप्त हो सकेगी।

जो दूर दराज से आने वाले ग्रामीणों के लिए बेहद राहत का सबब होगा। इसके लिए सिर्फ उन्हें अपना नाम और खसरा नम्बर, देना होगा। और उनके भू-अभिलेख से संबंधित सभी डाटा, नक्शा, स्वामित्व प्रमाण पत्र, इत्यादि सिस्टम में उल्लेखित हो जाएगें।

## खबर संक्षेप

### मजदूर से पिकअप के मालिक बने दिनेश

**जगदलपुर।** पहाड़ों के बीचो बीच और इंद्रावती नदी के किनारे बसे जिले के सुदूर वनांचल ग्राम बिनता के किसान दिनेश पाण्डे ने कड़ी मेहनत से सपने को साकार किया है। लोहंडीगुड़ा तहसील के दिनेश का अतीत संघर्षों से भरा था। वे अपना पेट पालने के लिए दूसरों के घरों में मजदूरी करने को विवश थे। उनके पास 10 एकड़ पुश्तैनी जमीन तो थी लेकिन संसाधनों के अभाव में वे उसका सही उपयोग नहीं कर पा रहे थे। दिनेश के जीवन में बड़ा मोड़ तब आया जब राज्य शासन ने किसानों को धान का आकर्षक मूल्य देना शुरू किया। फसल की सही कीमत मिलने की उम्मीद ने दिनेश के भीतर ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने मजदूरी छोड़ पूरी लगन से अपनी जमीन पर खेती-किसानी शुरू की। उनकी मेहनत रंग लाई और उन्होंने धान की फसल से अच्छा मुनाफा कमाया। दिनेश ने गत वर्ष 4 लाख रुपए का धान विक्रय किया था, जिससे खेती जमीन में नलकूप खनन करवाया और खेती-किसानी को नई दिशा दी। इस वर्ष भी उन्होंने सहकारी समिति में लगभग 4 लाख रुपये का धान बेचा है। धान बेचने से मिली राशि का दिनेश ने बेहतरीन प्रबंधन किया। वे बताते हैं कि धान विक्रय की राशि से सबसे पहले सिंचाई की समस्या दूर करने के लिए खेत में नलकूप खनन करवाया। पानी मिला तो पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर अब 2 एकड़ भूमि में सब्जियों की खेती भी शुरू कर दी है।



### मैच के पहले पूर्व रेफरी को दी गई श्रद्धांजलि





**जगदलपुर।** मिशन ग्राउंड में खेले जा रहे क्रिसमस ट्रॉफी के दौरान भूतपूर्व नेशनल रेफरी आरके दत्ता का भिलाई में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। खेल प्रारंभ होने के पहले उन्हें खिलाड़ियों और सदस्यों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

# कलेक्टर ने किरंदुल के उद्यानिकी नर्सरी का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव द्वारा नर्सरी किरंदुल का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध पौधों, उनके रख-रखाव, उत्पादन क्षमता एवं अब तक की गतिविधियों की जानकारी लेते हुए कहा कि नर्सरी को आय सृजन केन्द्र का प्रभावी माध्यम बनाया जा सकता है। इसके साथ ही यहां अधिक संख्या में ग्राफ्टेड (कलमी) पौधों का उत्पादन बढ़ाया जाए, ताकि कृषकों को गुणवत्तापूर्ण पौधे उपलब्ध कराए जा सकें। कलेक्टर ने यह वे कहा कि नर्सरी के खाली बचे स्थानों में पशु चारें के रूप नेपियर घास लगाये जाए ताकि जरूरतमंद पशुपालकों को नर्सरी के माध्यम से पषु चारा दिया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने फलदार एवं व्यावसायिक पौधों की नर्सरी विकसित करने, स्थानीय जलवायु के अनुकूल प्रजातियों के चयन तथा पौधों की वैज्ञानिक पद्धति से देखरेख करने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने यहा उद्यानिकी विभाग के तत्वाधान में माली का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं से रूबरू हुए और उन्हें समझाइश देते हुए कहा कि वे पूर्ण प्रशिक्षित होकर अपने घरों बाड़ियों में अपने सीखे हुए ज्ञान को प्रयोग अवश्य करे ताकि उनका व्यावहारिक अनुभव बढ़े। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नर्सरी से होने वाली आय से विभागीय गतिविधियों को और सशक्त किया जा सकता है, साथ ही इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। उन्होंने अधिकारियों को नर्सरी प्रबंधन में नवाचार अपनाने, मांग के अनुसार पौधों का उत्पादन करने एवं किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए। इस दौरान जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं कृषि एवं उद्यानिकी विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## जब्त 4.170 किलो चरस की कीमत 52 लाख रूपए

# आधा करोड़ से अधिक का मारिजुआना जब्त, अंतर्राज्यीय सप्लायर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





नशे के सौदागरों के खिलाफ बस्तर पुलिस द्वारा चलाई जा रही मुहिम एक बार फिर रंग लाई है। बीती रात अंतर्राज्यीय सप्लायर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 52 लाख रूपए से अधिक कीमत का मारिजुआना (चरस) बरामद किया गया है।

एक माह के अंतराल में चरस के साथ तस्करों के खिलाफ बोधघाट पुलिस की यह तीसरी बड़ी कार्रवाई है। इन तीन कार्रवाई में चार तस्कर व सप्लायार को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 करोड़ 29 लाख रूपए से अधिक का चरस बरामद कर जेल भेजा जा चुका है। नशे के खिलाफ एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन, सीएसपी सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण व बोधघाट थाना प्रभारी लीलाधर राठौर के नेतृत्व में लगातार कार्रवाई की जा रही है।

- **नशे के खिलाफ बोधघाट पुलिस की एक माह में तीसरी बड़ी कार्रवाई**

टीम द्वारा अभियान के तहत आड़ावाल मुख्य मार्ग में एमसीपी लगाकर तलाशी अभियान चलाया जा रहा था। सूचना मिली थी कि करीबन एक 45-50 साल का व्यक्ति अपने कब्जे के थैला मे अवैध नशीली गांजा का तेल (चरस) रखकर अडावाल झंडा चौक के पास खड़ा होकर बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलते ही निरीक्षक लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम ग्राम आड़ावाल के आगे झंडा चौक में पहुंचे और आरोपी को घेराबंदी कर पकड़े जिसे नाम पता पूछने पर अपना नाम अमित कुमार बाघ 47 वर्ष निवासी डिपोपारा चर्च के पास जयपुर ओडिशा का रहने वाला का निवासी बताया। पूछताछ में उसने अधिक पैसा कमाने की लालच में बाहर बड़े शहरों में जाकर ज्यादा कीमत में बेचने की नियत से मादक पदार्थ हशिश तेल की तस्करी करना बताया। उसके कब्जे के एक थैला के अंदर से दो बोतल में भरा हुआ कुल 4.170 किलो मारिजुआना तेल बारामद किया गया जिसकी कीमत 52 लाख 12 हजार 500 सौ रूपए आंका गया है।

आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी का को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। कार्रवाई में टीआई के अलावा एसआई ललित नेगी, लोकेश्वर नाग, प्रधान आरक्षक अहिलेश नाग, सुनील मनहर, पवन श्रीवास्तव, आरक्षक भैरव सिन्हा, कामदेव दर्रो, मानकू कोर्राम, विजय तिर्की, अवतार पटेल, थानेंद्र सिन्हा, होरी लाल आर्मो व परमानंद भोयर की अहम भूमिका रही।

### बड़े शहरों व महानगरों में भारी डिमांड

निरीक्षक लीलाधर राठौर ने बताया कि महानगरों में हैश ऑयल, मारिजुआना ऑयल, गांजा तेल व चरस आदि के नाम से इसे जाना जाता है और इसकी बड़े शहरों व महानगरों में भारी डिमांड है। और गांजा की अपेक्षा इसकी थोड़ी सी मात्रा ही बहुत ज्यादा प्रभावी और कीमती होती है। इसे देखते हुए तस्करों द्वारा गांजा की अपेक्षा आसानी से बड़ी मात्रा में तथा छुपाव के साथ चरस की तस्करी की जा रही है। सीएसपी सुमित कुमार डी धोत्रे ने बताया कि पिछले एक माह के अंतराल में निरीक्षक लीलाधर राठौर व टीम द्वारा किया गया यह तीसरा बड़ा कार्रवाई है। इससे पहली कार्रवाई में 10.396 किलोग्राम मारिजुआना आयल जब्त किया गया था जिसकी कीमत 1 करोड़ 29 लाख 95 हजार रूपए थी इसके दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया था। इसके उपरांत दूसरी कार्रवाई में 3.800 किलोग्राम बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया था इसकी कीमत 48 लाख रूपए से अधिक थी। एक माह के अंतराल में शुक्रवार को तीसरी कार्रवाई की गई है। तीन मामले में चार अंतर्राज्यीय तस्करों व सप्लायर को गिरफ्तार कर 2 करोड़ 29 लाख रूपए से अधिक का चरस बरामद कर आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है और नशे के खिलाफ बस्तर पुलिस की मुहिम आगे भी जारी रहेगी।

# श्रीमद् भागवत कथा को जीवन में उतारना चाहिए







हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राधा रमन भागवत समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन आचार्य अभिषेक पाठक ने कहा कि कथा लोगों को आपस में जोड़ती है। कथा सुनने लोग अलग-अलग जगह से आते हैं इससे यह सिद्ध होता है कथा लोगों को आपस में जोड़ती है कथा केवल कानों से सुनकर उसे भूल जाने से कोई लाभ नहीं कथा को जीवन में उतारना चाहिए। राम कथा सुनकर भगवान राम के चरित्र को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए।

- **कथा लोगों को आपस में जोड़ती है**

सुकदेव महाराज ने अठारह श्लोको में कृष्ण जन्मोत्सव का वर्णन किया है, जो जीवन में दूसरों को आनंद देता है आनंद भी उसके जीवन में आता है नन्द बाबा का व्यक्तित्व दूसरों को आनंद देने का था इसलिए उनके यहां नंद के आनंद भयो कहा जाता है। परोपकार की भावना के कारण ही भगवान श्री कृष्ण को नन्द जी के यहां आनंद स्वरूप में आना पढ़ा। कृष्ण जन्मोत्सव पूरे छह माह गोकुल में चला। जब कोई योग्य व्यक्ति न मिले तो उसे जवाब या उसकी ओर देखना नहीं चाहिए। त्रेता युग में सूर्पनखा ने रामजी पर मोहित होकर रामजी के सामने विवाह प्रस्ताव रखा, राम ने बिना उसकी ओर देखें माता सीताजी को देखते हुए जवाब दिया मैं विवाहित हूं और मैं एकम पत्नी वर्तनाम का प्रण लिया है। कृष्ण जन्म में पूतना ने शिशु कृष्ण की हत्या करने के लिए अपने स्तन पर विष लगाकर स्तनपान कराया भगवान शिशु कृष्ण ने आंखे बंदकर स्तन पान किया और स्तनपान तब तक किया जब तक उसे सदगति न मिली। इसलिए शास्त्रों में यह लिखा है अयोग्य व्यक्ति को न ही देखना चाहिए न उनके प्रश्नों का जवाब देना चाहिए।

# बस्तर के उद्योगों में ग्रीन पैकेजिंग की नई पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर जिले में औद्योगिक विकास को पर्यावरण अनुकूल दिशा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। शुक्रवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में राइजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस योजना के तहत विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों तथा स्व-सहायता समूहों को ग्रीन पैकेजिंग के महत्व से परिचित कराना और उन्हें इस नवाचार को अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

- **रैम्प योजना के तहत आयोजित की गई कार्यशाला**

इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में ऐसे स्थानीय उद्यमी और समूह शामिल हुए, जो पैकेजिंग सामग्री निर्माण के क्षेत्र में अपना सुनहरा भविष्य देख रहे हैं। कार्यशाला के दौरान भारतीय गुणवत्ता परिषद और सिपेट रायपुर के विषय विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को ग्रीन पैकेजिंग की तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्रियों का उपयोग करके पर्यावरण के अनुकूल पैकेजिंग तैयार करने के लाभ और इसे अपनाने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की, जिससे न केवल पर्यावरण को बचाया जा सके, बल्कि उत्पादों की गुणवत्ता और स्वीकार्यता भी बढ़ाई जा सके।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन ने इस पहल को आर्थिक विकास और रोजगार सृजन का एक सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि ग्रीन पैकेजिंग केवल पर्यावरण संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बस्तर के व्यवसायों को वैश्विक बाजार में एक नई पहचान और दिशा प्रदान करने की क्षमता रखती है। इस अवसर पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्रालय के राइजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस कार्यक्रम की संचालक अंकिता पांडे ने बताया कि यह योजना क्षेत्र के उद्योगों को सशक्त बनाने के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। उन्होंने विशेष रूप से यह जानकारी दी कि इस योजना के माध्यम से उद्यमियों को विलंबित भुगतान जैसी समस्याओं के समाधान में भी सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग विभाग से अरविंद तिवारी ने मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की, ताकि उद्यमी इनका अधिकतम लाभ उठा सकें। कार्यक्रम के अंत में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक लक्ष्मी वैद्य ने योजना के तहत चल रही गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

## धूमधाम से मना गुरु गोविंद सिंह की 360 वीं जयंती....









**जगदलपुर।** सिख समाज ने गुरु गोविंद सिंह की 360 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसमें रायपुर से पधारे प्रदीप सिंह और साथी कीर्तन जत्था ने गुरु की जीवनी को भजन के माध्यम से लोगों को सुनाया। जयंती पर अन्य समाज के लोगों के साथ सिख समाज ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अरदास उपरांत गुरू का लंगर सभी संगतों ने ग्रहण किया।

## उद्यानिकी, कृषि में है असीमित लाभ

# मसेनार व श्यामगिरी के बागवानी कृषकों से संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिले में उद्यानिकी फसलों के विस्तार की असीम संभावनाएं है बागवानी कृषि को उन्नत तकनीक, नये कृषि प्रयोगों के साथ अगर किया जाये तो यह कृषकों के नियमित आय का प्रमुख साधन बन सकता है। जिले के उद्यानिकी कृषकों के लिए जिला प्रशासन द्वारा बेहतर अवसर उपलब्ध कराये जा रहे है। अत इस संबंध में इच्छुक कृषकों को प्रशासन द्वारा हरसंभव मदद मुहैया करायी जायेगी।

आज जिले के ग्राम मसेनार, गंजेनार, श्यामगिरी, हितावर एवं मैलावाड़ा ग्रामों के कृषकों से संवाद करते हुए कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने उक्त आशय के विचार व्यक्त किये। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने हेतु संचालित नवाचारों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दौरे के प्रथम चरण में कलेक्टर ने मसेनार एवं श्यामगिरी ग्राम में विकसित किए जा रहे ऑयल पाम (तेल ताड़) रोपण का अवलोकन किया। उन्होंने किसानों से प्रत्यक्ष संवाद कर रोपण की तकनीक, सिंचाई व्यवस्था, पौधों की वृद्धि तथा भविष्य में होने वाले आर्थिक लाभों की जानकारी ली। यह पर हितग्राही कृषक भीमा द्वारा 5 एकड़ में 286 ऑयल पाम के पौधे लगाए गए है। कलेक्टर ने भीमा को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऑयल पाम जैसी दीर्घकालिक एवं लाभकारी फसलें किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। इस क्रम में श्यामगिरी के कृषक अनिल कोरर्म द्वारा 15 एकड़ में ऑयल पाम रोपण को भी कलेक्टर ने देखा। उन्होंने कृषकों समझाइश देते हुए कहा कि ऑयल पाम रोपण के बीच वे अपने इच्छा अनुसार अन्य फसल लगाकर दोहरा लाभ ले सकते है। साथ ही उन्होंने कृषकों से कहा कि सिंचाई के दृष्टि से कुआं और डबरी निर्माण को प्राथमिकता देवें। इसके पश्चात कलेक्टर गंजेनार पहुंचे, जहां उन्होंने आम एवं नारियल रोपणी का निरीक्षण किया। ज्ञातव्य है कि यह हुंगा, बच्चू, सुकमन, मोटू,लक्ष्मण, सुधरू, बुधरू, राजू सहित अन्य कृषकों द्वारा 5 एकड़ उन्नत किस्म के आम,नारियल का रोपण किया गया है। कलेक्टर ने यह उक्त कृषकों से बागवानी फसलों के संरक्षण, पौधों के रखरखाव, कीट नियंत्रण एवं विपणन की संभावनाओं पर चर्चा की तथा किसानों को वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# मकर संक्रांति पर दीपोत्सव से जगमगायेगा दलपत सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



आगामी मकर संक्रांति के पावन अवसर पर ऐतिहासिक दलपत सागर में भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। बैठक में महापौर संजय पांडे ने शहर के सभी वर्गों, सामाजिक संगठनों, युवाओं, महिलाओं, व्यापारिक संस्थाओं एवं आम नागरिकों से इस दीपोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि जगदलपुर की सांस्कृतिक पहचान और स्वच्छता अभियान को सशक्त करने का सामूहिक प्रयास है। उन्होंने समस्त शहरवासियों से आग्रह है कि वे इस दीपोत्सव में सहभागी बनकर स्वच्छता और सांस्कृतिक चेतना को नई दिशा दें। दीपों की रोशनी से दलपत सागर को और अधिक स्वच्छ, सुंदर एवं गौरवशाली बनाएं तथा स्वच्छ जगदलपुर के संकल्प को साकार करें। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आयोजन को सामूहिक सहभागिता के साथ सफल बनाया जाएगा। बैठक में कार्यक्रम की रुपरेखा बनाते समय महापौर समेत निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा, अनिल लुंकड़, संपत झा, धीरज कश्यप, राम नरेश पांडे, विधु शेखर झा, संग्राम सिंह राणा,लक्ष्मण झा, एच वाई कुकड़े, कल्पना वर्मा, सुलता महाराणा, अनिल अग्रवाल, मुकेश सिंह, राजकुमार पाठक, अनिल झा, शशिनाथ पाठक, रतन व्यास, धर्मेंद्र महापात्र, कलविंदर सिंह, वीरेंद्र बहुते, रितेश सिन्हा, गोपाल भारद्वाज, हेमंत श्रीवास, विजय बहादुर व सृष्टि की टीम, दलपत सागर बचाओ अभियान की टीम, त्रिवेणी रंधारी, नीलम यादव, माहेश्वरी ठाकुर, गीता नाग, कलावती कसेर, रोशन सिसोदिया, राजपाल कसेर, ममता राणा, बसंती समरथ, राधा बघेल, सतरूपा मिश्रा सहित अन्य संगठन के लोग उपस्थित थे।